T-39

# हैदराबाद विश्वविद्यालय
# UNIVERSITY OF HYDERABAD
## प्रवेश परीक्षाएँ, जून २०१०
## ENTRANCE EXAMINATIONS, JUNE 2010
## एम०फिल० (हिन्दी)
## M.Phil. (HINDI)

**समय : २ घंटे**
**Time : 2 Hours**

**पूर्णांक : ७५**
**Max. Marks : 75**

Hall Ticket No. ________________

---

**Instructions to the Candidate**

1. The question paper consists of two parts viz. Part A and Part B.
2. Part A of objective type and has to be answered in the paper itself.

   Note : (a) **There is negative marking in this part.**
   **0.33 marks will be deducted for each wrong answer.**
   **(b) No mark will be deducted for an unanswered bit.**

3. Part B contains the questions of descriptive nature and has to be answered in the answer paper provided by the University only.
4. The question paper is to be fastened to the answer book.
5. All rough work, if any, has to be done in the answer book itself on last page of the book.

T-39

# हैदराबाद विश्वविद्यालय
## UNIVERSITY OF HYDERABAD
## एम०फिल (हिन्दी), प्रवेश परीक्षा, जून २०१०
## M.Phil. (Hindi), ENTRANCE EXAMINATION, JUNE 2010
## भाग - अ, वस्तुनिष्ठ प्रश्न
## PART - A, OBJECTIVE TYPE QUESTIONS

**Hall Ticket No.** ____________ **Max. Marks : 25**

---

सूचना : निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक प्रश्न के चार-चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें कोई एक सही उत्तर है. सही उत्तर-सूचक अक्षर को कोष्ठक में लिखिए:

(१) निम्नलिखित में से ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा है:- ( )

(क) मेरी जीवन यात्रा (ख) जूठन (ग) अक्करमाशी (घ) हादसे

(२) *'गुड़िया भीतर गुड़िया'* किनकी रचना है:- ( )

(क) मृदुला गर्ग (ख) प्रियंवद (ग) मैत्रेयी पुष्पा (घ) चंद्रकांता

(३) *'स्मृति लेखा'* किस विधा की रचना है:- ( )

(क) निबन्ध (ख) रिपोर्ताज (ग) संस्मरण (घ) आलोचना

(४) 'शिवशम्भु के चिट्ठे' के लेखक हैं:- ( )

(क) प्रताप नारायण मिश्र (ख) प्रेमधन

(ग) बालमुकुन्द गुप्त (घ) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(५) 'बुद्धदेव के बाद भारत के सबसे बड़े लोकनायक तुलसी दास हैं' - यह मान्यता किसकी है:- ( )

(क) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (ख) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(ग) गार्सी द तासी (घ) ग्रियर्सन

(६) 'छायावाद स्थूल के प्रतिसूक्ष्म का विद्रोह था' - यह मान्यता किसकी है:- ( )

(क) नगेन्द्र (ख) नन्ददुलारे वाजपेयी (ग) नामवर सिंह (घ) जगदीश गुप्त

(७) 'वेदना विफल फिर आई
मेरी चौदहों भुवन में
सुख पड़ा न कहीं दिखाई
विश्राम कहाँ जीवन में।'

ये पंक्तियाँ किस काव्य-कृति से ली गई हैं:- ( )

(क) यामा (ख) कामायनी (ग) आँसू (घ) पल्लव

(८) 'महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिन्दी नवजागरण' किसकी पुस्तक है:- ( )
(क) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ख) पद्म सिंह शर्मा
(ग) रामविलास शर्मा (घ) मैनेजर पाण्डेय

(९) 'एक अछूत की शिकायत' कविता सर्वप्रथम किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी:- ( )
(क) आनन्द कादम्बिनी (ख) ब्राह्मण (ग) सरस्वती (घ) चाँद

(१०) 'उदात्त' सिद्धान्त के प्रणेता हैं:- ( )
(क) लांजायनस (ख) प्लेटो (ग) अरस्तू (घ) होरेस

(११) '*पत्रहीन नग्नगाछ*' किस भाषा में रचित है:- ( )
(क) मैथिली (ख) ब्रज (ग) खड़ी बोली (घ) भोजपुरी

(१२) '*यशोधरा*' किस काव्य-श्रेणी की रचना है:- ( )
(क) गद्य काव्य (ख) पद्य काव्य (ग) चम्पू काव्य (घ) इनमें से कोई नहीं

(१३) '*कल्पलता*' किसका निबन्ध-संग्रह है:- ( )
(क) जयशंकर प्रसाद (ख) रमेश चन्द शाह
(ग) कुबेरनाथ राय (घ) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(१४) सूरदास निम्नलिखित में से किस उपन्यास का चरित्र है:- ( )
(क) कायाकल्प (ख) सेवा सदन (ग) रंग भूमि (घ) प्रेमाश्रम

(१५) '*हंस*' के सम्पादक हैं:- ( )
(क) राजेन्द्र यादव (ख) गिरिराज किशोर
(ग) कैलाश वाजपेयी (घ) अशोक वाजपेयी

(१६) 'आलम्बनत्व धर्म का साधरणीकरण होता है' - यह किसका मत है:- ( )
(क) नगेन्द्र (ख) देवेन्द्रनाथ शर्मा (ग) आचार्य शुक्ल (घ) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(१७) '*कल्पना*' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से होता था:- ( )
(क) हैदराबाद (ख) दिल्ली (ग) मुम्बई (घ) भोपाल

(१८) '*मुड़-मुड़ के देखता हूँ*' किस विधा की रचना है:- ( )
(क) उपन्यास (ख) नाटक (ग) आत्मकथा (घ) कविता

(१९) '*रेत*' उपन्यास का मुख्य विषय है:- ( )
(क) अप्रवासी जीवन (ख) महानगरीय जीवन (ग) अस्थाई जीवन (घ) आदिवासी जीवन

(२०) 'रे नृप बालक काल बस बोलत तोहिं न संभारि
धनुहिं सम त्रिपुरारि धनु विदित सकल संसार'
इस छंद में कितनी मात्राएँ हैं:- ( )
(क) 24 (ख) 20 (ग) 13 (घ) 26

(२१) निम्नलिखित में शब्दालंकार कौन-सा है:- ( )
(क) संदेह (ख) दीपक (ग) अनुप्रास (घ) भ्रान्तिमान

(२२) निम्नलिखित में से कौन-सी ध्वनि 'महाप्राण' है:- ( )
(क) य (ख) क (ग) ग (घ) ट

(२३) 'कविता व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति नहीं वरन उससे पलायन है - किसका मत है:- ( )
(क) वर्ड्सवर्थ (ख) मैथ्यू आर्नाल्ड (ग) टी०ए० इलियट (घ) रिचर्ड्स

(२४) 'संकलन-त्रय' का सिद्धान्त किस आचार्य की देन है:- ( )
(क) प्लेटो (ख) होरेस (ग) लांजायनस (घ) अरस्तू

(२५) '*भक्तमाल*' के रचयिता कौन हैं:- ( )
(क) नाभादास (ख) नन्ददास (ग) तुलसीदास (घ) नरोत्तमदास

**********

# भाग - ब, निबन्ध और टिप्पणी

## PART - B, ESSAY AND SHORT NOTES

---

**सूचना :** इस प्रश्न-पत्र के उत्तर विश्वविद्यालय द्वारा दी गई उत्तर पुस्तिका में लिखिए और इस प्रश्न-पत्र के साथ उसे संलग्न कीजिए.

प्रश्न १ 'प्रयोगवाद' और 'नई कविता' की प्रमुख प्रवृत्तियों पर आलोचनात्मक दृष्टि से विचार कीजिए. 20

अथवा

'प्रयुक्ति' की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए प्रयोजनमूलक हिन्दी की विविध प्रयुक्तियों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए.

अथवा

'संत काव्य' की सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना का परिचय दीजिए.

अथवा

साहित्यिक अनुवाद में सांस्कृतिक संदर्भों को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं का सोदाहरण विवेचन कीजिए.

प्रश्न २ निम्नलिखित विषयों में से ***किन्हीं दो*** पर टिप्पणी लिखिए: 2 x 7 1/2 = 15

(क) अनुप्रयुक्त भाषा विज्ञान के विविध क्षेत्र.

(ख) समकालीन हिन्दी पत्रकारिता की भाषा.

(ग) रामचरितमानस

(घ) प्रगतिशील आन्दोलन और हिन्दी कविता.

प्रश्न ३ शोध में अपनी रुचि का कारण स्पष्ट करते हुए एम०फिल० के लिए आपके द्वारा प्रस्तावित शोध-विषय की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए. 15

*********